हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

10 तूड़ा कारोबारियों को आरटीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी



10 सुदर्शन क्रिया से व्यक्ति को मनोरोगों से छुटकारा: गिल



## कैथलः 100 बैड का जच्चा-बच्चा अस्पताल बनने की राह आसान

### मुख्यालय ने नक्शा पास कर लोक निर्माण विभाग को भेजा, जन्मजात शिशुओं व अभिभावकों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के पुराने नागरिक अस्पताल में बनने वाले 100 बैड के जच्चा-बच्चा अस्पताल की राह अब आसान होती नजर आ रही है। अस्पताल की निर्माण प्रक्रिया के तहत मुख्यालय की ओर से इसका नक्शा पास कर दिया गया है। अब इस नक्शे को लोक एवं निर्माण विभाग के पास भेजा जाएगा। इसके बाद विभाग इस नक्शे को लेकर एक बार फिर से सर्वे करेगा। इस सर्वे के बाद निविदा सूचना जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बता दें कि पिछले साल ही छह करोड़ रुपये का बजट सरकार की ओर से निर्माण के लिए जारी किया गया था। इसके बाद ही निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई थी। यह जच्चा-बच्चा अस्पताल बनने के बाद जिला सहित शहर व आस-पास के गांव के लोगों को काफी सहूलियत होगी। इससे पहले अस्पताल की निर्माण प्रक्रिया के तहत पुराना अस्पताल में बनी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन को गिराया जाना है। यह अस्पताल दो एकड़ में बनाया जाना है। इस समय पुराने अस्पताल का भवन इस समय पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। वहीं, इस भवन में चल स्वास्थ्य विभाग का वेयर हाउस, शहरी स्वास्थ्य केंद्र व प्रसूति केंद्र को काफी समय पहले ही शिफ्ट किया जा चुका है। जिला नागरिक अस्पताल में इस 200 बेड हैं। इसमें 200 बेड अस्पताल परिसर और 100 बेड यहां स्थापित किए गए पोर्टेबल अस्पताल के हैं। अब जच्चा-बच्चा अस्पताल के बनने के बाद शहर में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और यहां कुल 400 बेड के अस्पताल बन जाएंगे। इस समय स्वास्थ्य विभाग में बच्चों के के लिए एकमात्र बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक है, जो प्रतिदिन 100 से 120 बच्चों की जांच करते हैं।



कैथल। शहर का पुराना अस्पताल।

#### मुख्यालय से स्वीकृति

सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने बताया कि पुराना अस्पताल परिसर में बनने वाले 100 बेड के जच्चा-बच्चा अस्पताल की निर्माण प्रक्रिया के तहत नक्शा बन चुका है। नक्शे को मुख्यालय से भी स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग के पास मुख्यालय की ओर से नक्शा भेजा जाएगा। इसके बाद विभाग सर्वे करेगा।

#### 2011 में अस्पताल हुआ था शिफ्ट

वर्ष 2011 से पहले जिला नागरिक अस्पताल सिविल सर्जन कार्यालय वाली जगह पर था। इसके बाद सेक्टर 18 में नया भवन बनने के बाद इसे शिफ्ट कर दिया। अब वहां 200 बेड का अस्पताल व 100 बेड की पोर्टेबल यूनिट चल रही है। पुराना अस्पताल परिसर में इस समय सिविल सर्जन कार्यालय व टीबी उन्मूलन केंद्र स्थापित किया गया है।

#### निक्कू वार्ड अलग से बनाया जाएगा

जच्चा-बच्चा केंद्र अस्पताल के निर्माण के बाद यहां पर निक्कू वार्ड अलग से बनाया जाएगा। इसके साथ ही रोहतक व चंडीगढ़ पीजीआई में बच्चों के किए गए इलाज के बराबर ही यहां पर सुविधाएं मिलेंगी। यहां पर अलग से बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी होगी। इसके लिए लोगों को न तो निजी अस्पतालों में अधिक खर्च वहन करना पड़ेगा। दूसरा रोहतक या चंडीगढ़ पीजीआई जाने की भी कोई जरूरत नहीं होगी। यहां नवजात बच्चों व गर्भवती महिलाओं की जांच व डिलीवरी हो सकेगी। इसके बनने से शहर वासियों को घर के नजदीक ही इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इस समय यहां नवजात बच्चों व डिलीवरी के लिए सुविधा न होने के कारण लोगों को नया अस्पताल में जाना पड़ता है, जो दूर है।

### अग्रवाल समाज ने अग्रसेन चौक पर एकत्रित होकर मनाई खुशी

## जींद की रेखा गुप्ता की दिल्ली में ताजपोशी, खुशी में बांटी मिठाई

### प्रदेश भर के लोगों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना

शहर के अग्रसेन चौक पर अग्रवाल समाज द्वारा रेखा गुप्ता के दिल्ली की सीएम बनने पर लड्डू बांट जश्न मनाया। काफी संख्या में समाज के लोग यहां पर एकत्रित हुए। जींद जिले के जुलाना गांव निवासी रेखा गुप्ता को भाजपा सरकार ने दिल्ली की सीएम बनाया है। उनके सीएम बनने से जहां प्रदेश भर के लोगों में खुशी की लहर है तो वहीं नरवाना में अग्रवाल समाज के लोगों के चेहरे पर चमक अलग से नजर आ रही है। इसी कड़ी में समाज के गणमान्य लोग चौक पर जुटे और उन्होंने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल,एसएस जैन सभा प्रधान नरेश जैन, मोहन लाल गर्ग, जयराम अस्पताल संयोजक विनोद मंगला, सुभाष सिंगला, विनय बेलरखा, विजय दनौदा, राहुल सिंगला, अभिनव गुप्ता मौजूद रहे।


नरवाना। लड्डू बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक कर खुशी व्यक्त करते अग्रवाल समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

#### एक-दूसरे को गले लगा दी बधाई

जींद। रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। इसी खुशी में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज ने बैठक का आयोजन कर खुशी जताई है और कहा है कि यह पूरे अग्रवाल समाज और जींद के लिए गर्व का क्षण है कि यहां की समाज की एक बेटी को देश की राजधानी का नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी रामधन जैन, सावर गर्ग, पवन बंसल, सोनू जैन, मनीष गर्ग, बजरंग सिंगला, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोयल ने जींद की बेटी रेखा गुप्ता के दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे अग्रवाल समाज और जींद के लिए गर्व का क्षण है कि यहां की समाज की एक बेटी को देश की राजधानी का नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त किया है। गोयल ने कहा कि जींद के छोटे से गांव से निकल कर देश की राजधानी का मुख्यमंत्री बनना बड़ी बात है। रेखा गुप्ता ने यह सिद्ध कर दिया है कि परिश्रम, संकल्प और समाज सेवा की भावना से कोई भी ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी और वे जनता के हित में उत्कृष्ट कार्य करेगी। यह सफलता महिलाओं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

#### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया

नरवाना। अग्रोहा धाम ट्रस्ट के प्रचार मंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा अग्रवाल समाज की विश्व की सबसे बड़ी धरोहर अग्रोहा धाम ट्रस्ट जिसने पूरे राष्ट्र के अग्रवाल समाज की इच्छा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह कर उनके पास भेजा कि अबकी बार दिल्ली का मुख्यमंत्री हमारे बनिया समाज का व्यक्ति बनाया जाए। क्योंकि पार्टी द्वारा अग्रवाल समाज के 10 उम्मीदवारों को टिकट दिए गए थे तथा सभी 10 उम्मीदवार विजयी हुए हैं। 48 विधायकों में से 10 विधायक अग्रवाल समाज से हैं जिनका दिल्ली में बहुत बड़ा वोट योगदान रहा तथा सरकारी खजाने को भरने में भी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे वैश्य अग्रवाल बनिया समाज को अपना हिस्सा देकर एक बहुत बड़ा नेक कार्य किया है।

## वाहन चालकों से लूट की 7 वारदातें कबूली

■ सीआईए स्टाफ नरवाना ने लूटपाट गिरोह के 4 सदस्यों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने लूटपाट गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह नरवाना, उकलाना व टोहाना एरिया में वाहन चालकों से लूटपाट करते थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान तिलक नगर टोहाना निवासी रवि कुमार, गांधी नगर टोहाना निवासी मनजीत उर्फ मन्नू, आजाद नगर टोहाना निवासी खुशी राम उर्फ शीनू व गांव लोन निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में चारों ने वाहन लूट की सात वारदातों को कबूल किया है। सीआईए स्टाफ नरवाना व थाना सदर नरवाना की एक टीम अपराधों की रोकथाम के लिए खरडवाल गांव के नजदीक मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि माह नवंबर, दिसंबर 2024 में नरवाना, उकलाना व टोहाना एरिया में काली स्कोर्पियो में सवार होकर लुटेरे गिरोह द्वारा वाहन चालकों के साथ लूट की वारदातें अंजाम दी गई थी। वारदातों में शामिल चारों आरोपित टोहाना में आईजी कॉलेज के नजदीक बैठे हुए हैं। जिस पर सीआईए टीम ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपितों से सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपितों ने बताया कि उनके गिरोह का सरगना गांव कनहेड़ी निवासी सूरज व आजाद नगर टोहाना निवासी दिनेश उर्फ गोली किराये पर स्कोर्पियो गाड़ी लेकर आते थे।




#### इन वारदातों को कबूला

30 जनवरी को खरडवाल के निकट छोटा हाथी चालक से 16 हजार व फोन, चार नवंबर को को बिठमड़ा से भीमेवाला रोड पर तूड़े से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक से मोबाइल फोन व 3500 रुपये की नगदी, करीब साढ़े तीन माह पहले समैन से बिठमड़ा रोड पर सब्जी से भरी पिकअप गाड़ी के चालक से फोन व रुपये, करीब सवा तीन माह पहले समैन के नजदीक आयशर कैंटर में सवार तीन व्यक्तियों से फोन व आठ हजार की नगदी, तीन माह पहले समैन गांव के नजदीक आयशर कैंटर के चालक से फोन व रुपये, साढ़े तीन माह पहले टोहाना से नरवाना रोड पर राजस्थान नंबर की पिक अप गाड़ी के चालक को चोटें मार कर फोन व 11 हजार की नगदी, 3 माह पहले बिठमड़ा से सूरेवाला रोड पर तूड़े से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक से फोन व रुपये छीने थे।

## दुर्गा कॉलोनी में पशु व्यापारी की हत्या के दो आरोपी दबोचे

■ व्यापार में आपसी रंजिश रखने से की गई थी राममेहर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में पशु व्यापारी की हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गुरूद्वारा कालोनी निवासी अजय व अक्षय के रूप में हुई है। उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को सूचना मिली थी कि दुर्गा कालोनी निवासी राममेहर की चोट मार कर हत्या की गई है। जिस पर पुलिस ने मृतक के बेटे कैलाश की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था। कैलाश ने बताया कि बताया कि उसके पिता दुर्गा कालोनी में पशुओं का फार्म चलाते हैं और उसका चाचा सोनू उनसे रंजिश करता था। 15 फरवरी को सोनू उसके पिता के पास पशु व्यापार को लेकर आया था। कहासुनी के चलते वो वापस चला गया। बाद में रात को सोनू अपने दोस्तों के साथ आया ओर उसके पिता की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने चाचा सोनू, साहिल व सुरेंद्र, सुशील उर्फ गुरी व अक्षय के खिलाफ हत्या का मामला दर्जर कर लिया था।



### अवैध शराब कारोबारी ने हमला कर दो को किया घायल, तीन नामजद

जींद। गांव करेला में अवैध रुप से शराब को कारोबार करने वालों ने शराब ठेकेदार की गाड़ी पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग घायल हो गए और गाड़ी के शीशे भी टूट गए। जुलाना थाना पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ तोडफ़ोड़ करने, मारपीट करने आबाकारी अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शराब ठेकेदार गांव बड़छप्पर निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथ सत्य संदेश तथा दीपक के साथ जुलाना से करेला शराब ठेके पर जा रहा था। उसी दौरान अवैध शराब का कारोबार करने वाला विजय गाड़ी में शराब ले कर जा रहा था। जिस पर उन्होंने पीछा किया। विजय गाड़ी को अपने मकान में ले गया।

## कैथलः हत्या प्रयास के 3 दोषियों को 3-3 साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त सैशन जज डा. नंदिता कौशिक ने जान से मारने के प्रयास के 3 दोषियों को 3-3 साल की कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 5 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। कृष्ण कुमार निवासी चीका ने थाना चीका में 31 अगस्त 2019 को धारा 307, 387, 34 और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा नंबर 243 दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से केस की पैरवी डीडीए सुखदीप ने की। एडवोकेट अर्पित गुप्ता ने ट्रायल के दौरान उन्हें सहयोग दिया। सुखदीप और अर्पित गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता कृष्ण लाल की छोटी मन्डी चीका में फैन्सी कलाथ हाऊस के नाम दुकान है। 31 अगस्त 2019 को वह अपनी दुकान में बैठा था तथा उसका भाई सुरेश व अन्य स्टाफ दुकान के कार्य में व्यस्त थे। करीब दो बजे एक बाईक पर तीन युवक उनकी दुकान के सामने पेहवा रोड की तरफ से आए। बाईक के बीच में बैठे युवक ने पिस्तौल से कृष्ण को जान से मारने की नियत से दो फायर किए। ये दोनों फायर दुकान के गेट पर लगे शीशे पर लगे। गोली लगने से शीशा टूट गया। कृष्ण अपने बचाव के लिए काऊंटर के पीछे छुप गया। इसके बाद तीनों युवक बाईक पर मौके से भाग गए। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। कृष्ण की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था।



### अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट

## जींद में ओलावृष्टि और कैथल में जमकर बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद/कैथल

पहाड़ी क्षेत्र में बरसात होने के बाद वीरवार को देर सायं अचानक जींद और कैथल का मौसम भी बदल गया। सायं करीब 7 बजे देखते ही देखते आसमान काले बादलो से घिर गया तथा जमकर बरसात हुई। और जींद के नरवाना में बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि बुधवार देर रात भी हलकी बरसात हुई थी लेकिन वीरवार को तेज हवा चली लेकिन दिन में धूप निकली रही। बारिश होने के बाद दोबारा से ठंड बढ़ गई है। बता दें कि पिछले तीन दिन से अधिकतम तापमान बढ़ रहा था। वहीं, बारिश के बाद दिनभर करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चली। अब मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तक बारिश का पूर्वानुमान बताया है। हालांकि वीरवार को सुबह बारिश होने के बाद दोपहर के समय हल्की धूप भी खिली, लेकिन बादलों की आंख मिचौली लगातार जारी रही। बता दें कि पिछले कई दिन से मौसम में कभी धूप तो कभी बादल छा रहे थे। इससे लगातार मौसम में बदलाव हो रहा था। अब आने वाले दिनों में बारिश व सर्द हवाएं चलने की आंशका है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस समय बारिश होना गेहूं की फसल के लिए अनुकूल है। यदि गर्मी बढ़ेगी तो फसलों को नुकसान होगा। बारिश होने के बाद फसल के सूखने का भय नहीं रहेगा। बारिश होने के बाद गेहूं की फसल को फायदा होगा। वीरवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान कम हुआ है। अधिकतम तापमान 25.01 और 9.5 सेल्सियस डिग्री दर्ज किया गया है।


कैथल। चल रही बरसात। फोटो :हरिभूमि

#### गेहूं की फसल को नुकसान का अंदेशा

कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के मुख्य विज्ञानी डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि इस समय जिले में गेहूं की फसलों को बारिश की जरूरत थी। बरसात से गेहूं की फसल को सीधा फायदा होगा। वर्मा ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से दिन का तापमान काफी अधिक बढ़ रहा था जिससे गेहूं की फसल को नुकसान का अंदेशा बना था।

#### तेज हवा बनी परेशानी

जींद। फरवरी माह के पहले सप्ताह से तापमान मे इजाफा हो रहा था। मध्य फरवरी तक तापमान 26 डिग्री को पार कर गया था। जिसका विपरित प्रभाव फसलो पर पडने का खतरा मडराने लगा था। रात को हुई बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट आई है। जो फसलों के अनुरूप है। हवा की तेज गति जरूर परेशानी का कारण बनी। जिससे फसल पसरने का खतरा मंडराने लगा। विशेषकर वहां पर फसलों की सिंचाई की गई थी। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज हवा का असर फसलों पर देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि तापमान फसलों के अनुरूप हो गया है। जोकि फसलों के लिए फायदेमंद है। तापमान मे भी गिरवाट आई है। शुक्रवार को भी आंशिक बादलवाई बनी रहेगी। किसान मौसम को देखते हुए फिल्हाल फसलो की सिचाई से परेहज करे।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी व दस्तावेज चोरी

जींद। अर्जुन स्टेडियम के बाहर खड़ी रेलवे हैंडबाल कोच की गाड़ी का शीशा तोड़ कर चोरों ने साढे तीन लाख रुपये, दो सौ डॉलर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस कोच की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झीरकपुर पंजाब निवासी सचिन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### गांव क्योड़क में मारपीट में मां-बेटा घायल, केस

कैथल। गांव क्योड़क में हुई मारपीट में मां बेटा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव नरड़ के मनीष ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 दिसंबर को गांव के ही सन्नी, लवली, जसा, अमरीक तथा उनके दो बेटों ने मिलकर उसे तथा उसकी मां को मारपीट करते हुए घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### बाइक की चपेट में आने से मां और बेटी घायल

जींद। गोहाना रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही मां व बेटी को टक्कर मार कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी नन्ही ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी को दवाई दिलाने शहर की तरफ आ रही थी।

### गांव नरड में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

कैथल। गांव नरड में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव नरड के विक्रम सिंह ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 फरवरी को सायं के समय गांव के ही कालू, राहुल, जीवन तथा काकू ने मिलकर उसे पर लाठी तथा गंडासी से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने मारने की धमकी भी दी।

### चालक पर हमला कर घायल करने पर केस

जींद। गांव ईक्कस मुर्गी फार्म में चालक के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह यूपी में गाड़ी को खाली कर गांव ईक्कस फार्म पर पहुंचा था। वहां पर गांव खेड़ी चौपटा निवासी सन्नी तथा गांव चिड़ी निवासी ढिल्लू मौजूद थे।

### खेत से सामान चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

कैथल। खेत कोठा से सामान चोरी करने के एक मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एएसआई नरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव श्यौ माजरा निवासी कुलदीप सिंह व भूना निवासी गोपाल को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खरौदी निवासी जसकरण की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### अनिश्चितकालीन धरना चार मार्च तक स्थगित

जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी जींद के नेतृत्व में लघु सचिवालय जींद पर पिछले 10 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को चार मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। यूनियन के जिला प्रधान जोगेंद्र इगराह और जिला सचिव संदीप जाजवान ने बताया।

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाया

कैथल। पुंडरी पुलिस में एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा पूंडरी की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को अजय नामक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया।

## खबर संक्षेप

### आरजीएम के छात्रों ने किया सूरजकुंड मेले का भ्रमण

जींद। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के विद्यार्थियों ने शैक्षिणक सांस्कृतिक भ्रमण के तहत अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला सूरजकुंड में शिकरत की। विद्यार्थियों ने देश, विदेश की सभ्यता, संस्कृति की गहन परख की। सूरजकुंड एवं अंतरराष्ट्रीय मेले के इतिहास से विद्यार्थियों को परिचित कराया एवं बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को सद्भावना एवं संहयोग का संदेश मिलता है।

### लौकिक ही नही पारलौकिक उन्नति भी बहुत जरूरी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि मानव के लिए केवल लौकिक ही नही पारलौकिक उन्नती भी बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें अपने मन को उद्देश्य विहीन और निरर्थक कार्यों की तरफ जाने से दृढ़ता से रोकना चाहिए तथा संसार की किसी भी विषय वस्तु का केवल सार-सार ही ग्रहण कर आगे बढ़ना चाहिए।

### विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**नरवाना।** के एम राजकीय कालेज नरवाना के विद्यार्थियों ने मेजर सुरेंद्र कुमारएसंजय सिंहए सुल्तान सिंहए रोहतास व राजेश शर्मा के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण ज्योतिसर एवं कुरुक्षेत्र में किया । अवसर पर सामाजिक सांस्कृतिक एधार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। ज्योतिसर में श्री कृष्ण की अष्टधातु की विशाल प्रतिमा का एवं अक्षय वट वृक्ष का अवलोकन किया।

### माडल संस्कृति स्कूल की कक्षाओं का अवलोकन किया

**जींद।** संकुल परियोजना क्रियान्वयन ईकाई की मीटिंग का आयोजन उचाना कलां संकुल के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल भौंगरा में किया। अध्यक्षता संकुल मुखिया अशोक एवं प्रधानाचार्य प्रवेश खापड़ा ने की। बैठक से पूर्व प्राथमिक माडल संस्कृति स्कूल की कक्षाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर रामफल कृष्ण, संजय, राजेश, लक्ष्मी, भतेरी सुनीता, नरेश एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### चुनाव के लिए सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त

**जींद।** जुलाना के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि जुलाना में दो मार्च को होने वाले नगरपालिका चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कमलेश कुमार भादो को चुनाव पर्यवेक्षक (सामान्य) व ममता खर्ब को चुनाव पर्यवेक्षक पुलिस नियुक्त किया गया है। बताया कि जुलाना में किसी भी मतदाता को समस्या है तो वे तुरंत शिकायत चुनाव पर्यवेक्षकों को दे सकते है।

### वित्तीय कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

**जींद।** राजकीय कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय वित्तीय कौशल विकास प्रशिक्षण का वीरवार को समापन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इसमें पाठ्यक्रम निदेशक डा. ललित कुमार एवं रिसोर्स पर्सन सुनील कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

### ढाकल में सदस्यता अभियान चलाया

**नरवाना।** आखिलभारतीय किसान सभा हरियाणा तहसील नरवाना के साथी गांव ढाकल में सदस्यता अभियान चलाए हुए हैं। सदस्यता करते हुए मास्टर चांद एदलबीर सिंहएराजेश कुंडू ए बलदेव सिंहए रामधारी आदि जब हम ज्ञाना राम के घर पहुंचे एतो हमन घर के लोगों से अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा की सदस्यता ग्रहण काने की अपील की।

### अभियान को और तेज करने का आह्वान किया

**नरवाना।** नरवाना को जिला बनाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता मिशन व शहर के विकास कार्यों को लेकर अपने रोड मैप को अमलीजामा पहनाने के लिए नरवाना शहर विकास समिति के अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा और इसी के तहत अब हर सप्ताह जिला बनाओं सम्मेलन गांव व शहर के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किए जाएंगे।

## प्रदेशभर के कारोबारियों ने लगातार चालान करने पर जताया रोष

# तूड़ा कारोबारियों की आरटीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी

### उपायुक्त से किए जा रहे चालान पर रोक लगाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आरटीए के चालान करने के विरोध में वीरवार को प्रदेशभर के तूड़ा कारोबारी जींद में एकजुट हुए। उन्होंने आरटीए की कार्रवाई के खिलाफ रोष प्रकट किया। इसके बाद तूड़ा कारोबारी डीसी से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे। उन्होंने डीसी मोहम्मद इमरान रजा से गुहार लगाई कि उनकी गाड़ियों के आरटीए की टीम द्वारा लगातार किए जा रहे चालान पर रोक लगाई जाए। इससे उनको भारी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जैसे कोरोनाकाल में उनकी गाड़ियों को बिना रोक-टोक के चलाया जाता था। ऐसे ही अब भी उनकी गाडिय़ों को बिना रोक-टोक के चलाया जाए। इस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद तूड़ा कारोबारी लौट गए।

वीरवार को झज्जर, जींद, हांसी, हिसार समेत कई जिलों के तूड़ा कारोबारी अपनी-अपनी गाडिय़ों को लेकर जींद पहुंचे। उन्होंने नरवाना रोड बाईपास पर अपनी गाडिय़ां खड़ी कर आरटीए टीम की कार्रवाई पर रोष प्रकट किया। तूड़ा कारोबारियों का कहना था कि चालान के नाम पर आरटीए टीम उनको बार-बार परेशान कर रही है। उनकी गाडिय़ों को ओवरलोड बताकर उनके 30 से 50 हजार तक के चालान किए जा रहे हैं। इससे उनको नुकसान हो रहा है। इस बार तूड़े के भाव कम होने पर पहले ही उनको नुकसान उठाना पड़ रहा है लेकिन आरटीए की टीम उनकी गाडिय़ों के चालान कर उन पर दोहरी मार कर रही है। वे तूड़े को अवैध तरीके से बेचने के नहीं जाते बल्कि वह तूड़े को गोशालाओं में डालने के लिए जाते हैं लेकिन बीच रास्ते आरटीए द्वारा भारी भरकम चालान किए जाने से उनको आर्थिक रूप से भारी नुकसान हो होता है। तूड़े में अब हो रहा जीवन यापन मुश्किलः सुखबीर हांसी, बिल्लू खटकड़, सुखविंद्र जींद, विक्रम हांसी ने कहा कि तूड़े के कारोबार में अब बचत नही हो पाती। अब तूड़े के कारोबार के सहारे जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। आरटीए की टीम के चालान से हर जिले के कारोबारी परेशान है। उनका आरोप है कि आरटीए की टीम कभी ओवरलोड होने का कारण बताया जाता है तो कभी गाड़ी की चौड़ाई ज्यादा होने के कारण जाम लगने का कारण बता कर उनकी गाड़ी का चालान कर दिया जाता है। उनके द्वारा बार-बार मिन्नतें करने के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पाती। ऐसे में आरटीए टीम अपनी मनमानी कर गाडिय़ों के चालान कर देती है।



जींद। रोष जताते तूड़ा व्यापारी। फोटो :हरिभूमि

#### कोरोनाकाल की तरह चलवाई जाए

तूड़ा कारोबारियों का कहना था कि उनकी गाड़ियों को कोरोनाकाल की तरह चलवाई जाए। कोरोनाकाल में उनकी गाड़ियों को बिना रोक-टोक के चलाया जाता था। उस समय संबंधित पुलिस थाना प्रभारी कागज पर अपने थाने की मोहर लगाकर उन्हें दे देते थे, जिसके बाद उन्हें तूड़े की गाडिय़ों को गोशाला तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती थी लेकिन अब आरटीए द्वारा हर चक्कर में उनकी गाड़ी का चालान कर दिया जाता है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते दयाकिशन गिल। फोटो :हरिभूमि

## सुदर्शन क्रिया से व्यक्ति को मनोरोगों से छुटकारा: गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आर्ट ऑफ लिविंग एवं श्रीधाम ईको फार्म के निदेशक दयाकिशन गिल ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के तहत करवाई जा रही सुदर्शन क्रिया किसी भी व्यक्ति के जीवन में नकारात्मकता से सकारात्मकता भरने का काम करती है। जिससे आत्मसंतुष्टि के साथ सकारात्मक की तरफ व्यक्तित्व बढ़ता है। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सीमा गिल तथा आर्ट ऑफ लिविंग के विशेषज्ञ नरेश जागलान भी मौजूद थे। दयाकिशन गिल ने कहा कि सुदर्शन क्रिया से व्यक्ति को मनोरोगों से छुटकारा मिलता है। यही नहीं व्यक्ति के शरीर में विभिन्न कारणों से पैदा हो रही है, ब्लॉकेज भी खत्म हो जाती है। गुरु श्रीश्री रविशंकर जी ने सुदर्शन क्रिया को अपनाया है। उसके चमत्कारी प्रभावों से पश्चिमी देश भी अचंभित है। दयाकिशन गिल ने बताया कि कैलिफोर्निया में एक बार 11 लाख लोगों को संबोधित करने के लिए गुरुदेव को जाना था। सरकार डरी हुई थी और वह कार्यक्रम की इजाजत नही दे रही थी। सरकार को डर था कि इससे अपराध बढ़ जाएगा लेकिन जब आर्ट ऑफ लिविंग ने इस बात को अपने सिर लिया कि अगर एक भी आपराधिक घटना हुई तो उसकी सारी जिम्मेदारी उनकी होगी। तब सरकार ने इसकी इजाजत दी और उसका परिणाम यह निकला कि वहां पर अपराधों का ग्राफ नीचे आ गया। उन्होंने कहा कि आदमी तनाव और अवसाद में जाकर आत्महत्या जैसे गंभीर हादसों को अंजाम देता है लेकिन सुदर्शन क्रिया व्यक्ति को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि आदमी के दिमाग में हमेशा भूतकाल और भविष्य की चिंता समाहित रहती है और व्यक्ति वर्तमान को नहीं जी पाता है। सुदर्शन क्रिया व्यक्ति के दिमाग को खाली करके उसे वर्तमान में जीने की राह दिखाती है। नस्ल बचाओ, फसल बचाओ अभियान के तहत आयोजित आध्यात्मिक संगम के संयोजक दया किशन गिल ने कहा कि पहले खाद और दवाइयों को छिपकर खेत में डाला जाता था। आज आम आदमी ने अपनी फसल बढ़ाने के लिए इसका अंधाधुंध प्रयोग शुरू कर दिया है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

**नरवाना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंसर के अधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर हथो में 100 दिन टी बी जाँच शिविर के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग जींद से आई टीबी यूनिट एवं मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा शुगर एटीबी एहाइपरटेंशन के संभावित मरीजों की जाँच की गई। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेखा व डॉक्टर नविता द्वारा लोगों का चेक अप किया गया लैब टेक्निशियन द्वारा हीमोग्लोबिनए शुगर ए रक्तचाप जाँच की गई। नर्सिंग अधिकारी सोनिया द्वारा वजन एवं ऊँचाई मापी गई। औषधाकरक नवीन द्वारा मौके पर ही लोगों को दवाइयाँ दी गई। रेडियोलोजी अधिकारी संदीप जांगड़ा एवं शीशपाल द्वारा टीबी के संभावित 55 मरीजों का एक्स रे किया गया। टीबी सुपरवाईजर जगबीर एवम टीबी हेल्थ विजिटर ने 20 मरीजों के बलगम के सैंपल लिये । स्वास्थ्य केंद्र हथो की स्वास्थ्य टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग किया। कार्यकर्ता दर्शन ने मरीजों की ऑनलाइन आइडी बनाई।



नरवाना। स्वास्थ्य जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साइंस एग्जीबिशन में शानदार प्रदर्शन किया

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के विज्ञान विभाग ने इंटर डिस्ट्रिक्ट साइंस एग्जीबिशन में शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष निशा ने बताया कि प्रदर्शनी 18 फरवरी को बी आर अम्बेडकर गवर्नमेंट कॉलेज कैथल में हुई थी। इसमें कॉलेज की छात्रा रविता कौर और मानसी ने विकलांग व्यक्तियों के लिए स्मार्ट गैजेट मॉडल बनाकर भौतिक विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रविता कौर को बेस्ट एक्सप्लेनर भी चुना गया।प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने कहा कि ज्ञान तकनीक और कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में निशाए सलिताए रेणु का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल जीए उपप्रधान श्री राजकुमार गोयल जी और सचिव श्री जियालाल गोयल ने बहुत बहुत बधाई दी।

### निडानी में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आज वीरवार को गांव निडानी में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डा. रामकरण ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। विस्तार शिक्षा निदेशक डा. मंडल ने बताया कि आज खेती को व्यवसायिक रूप में अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए युवा वर्ग का शिक्षित होना आवश्यक है। ज्ञान के अभाव में किसानों को उत्पादन करने और उत्पाद को विक्रय करने की समस्याएं आती हैं। किसान कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञों से संपर्क करें और जो कृषि से संबंधित समस्याएं आती हैं, उनका निदान करवाएं। किसान साथी नए प्रोजेक्ट तैयार करें। हर्बल पार्क, सौलर सिस्टम, केंचुए की खाद की यूनिट स्थापित करें। खेती घाटे का सौदा नहीं है। बाजार के उत्पादों की बजाए घर की रसोई के प्रोडक्ट प्रयोग करने चाहिए।



जींद। विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल को सम्मानित करते केंद्र प्रभारी व अन्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करती डा. अलका सेठ। फोटो :हरिभूमि

### मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में मनोविज्ञान विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डा. अलका सेठ ने शिरकत की। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि मनोविज्ञान सीखने, व्यवहार और मानसिक विकास को समझने में मदद करता है। शिक्षा केवल जानकारी नही बल्कि आत्म मूल्यांकन से आत्म जागरूकता और समस्या समाधान कौशल विकसित करने की प्रक्रिया है। सही मार्गदर्शन से सीखने की गुणवत्ता बढ़ती है, जिससे शिक्षा अधिक प्रभावी बनती है। कार्यक्रम के दौरान डा. अलका सेठ ने मेंटल हेल्थ अमंग स्टूडेंट्स एंड हाऊ टू हैंडल स्ट्रेस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्ट्रेस इन्वेंटरी की सहायता से विद्यार्थियों का स्ट्रेस मापन किया और उनसे संबंधित प्रश्न पूछ कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके बाद उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से व्याख्यान दिया।



जींद। निस्तारण वाली थैली का प्रयोग करने का संकल्प लेते दुकानदार।

### निस्तारण वाली थैली का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

**जींद।** नगर पालिका उचाना क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को मध्य नजर रखते हुए सचिव अरविंद कुमार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार हाइवे पर बस स्टॉप के उपस्थित रेहड़ी वालों के साथ मीटिंग की। शहर टीम लीडर दीक्षांत शर्मा, आईईसी मैनेजर दीपक शर्मा के साथ टीम मौजूद रही। रेहड़ी वालों को रिसाइकल होने वाली प्लास्टिक की थैली के बारे में जानकारी दी कि जो 80 एमएम से नीचे वाली जो थैली है, उसको ही खरीदें। जिससे थैली का आसानी से निस्तारण किया जा सकें। दुकानदारों द्वारा शपथ भी ली गई कि वे भविष्य में निस्तारण होने वाली थैली का ही प्रयोग करेंगे। दुकानदारों को प्लास्टिक न प्रयोग करने का आह्वान किया गया और दुकानों पर हरे, नीले डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित किया ताकि गीला व सूखा कचरा अलग.अलग किया जा सकें। दीपक शर्मा ने कहा कि कचरा एक गंभीर विषय बन चुका है जिसके कारण शहर की सुंदरता व लोगों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है।

## एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण करना : कर्नल जेएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

15 हरियाणा बटालियन एनसीसी के द्वारा गांव ईक्कस स्थित वृद्ध आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया । अध्यक्षता 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद के कमांडिंग आफिसर कर्नल जेएस ढोडी ने की। कार्यक्रम में हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद सहित जींद जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स के अंदर समाजसेवा की भावना को पैदा करना था। एनसीसी कैडेट्स गांव ईक्कस में स्थित वृद्ध आश्रम में गए और वहां जाकर उन्होंने अपनी सेवाएं दी। बुजुर्गों से उनके हालचाल के बारे में बातचीत की। इसके बाद कैडेट्स ने वहां पर रहने वाले बुजुर्गों और असहाय लोगों को कंबल तथा कुर्सियां भी दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए कर्नल जेएस ढोडी ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण तथा नेतृत्व व साहस की भावना को बढ़ावा देना है।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गांव बडनपुर ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**नरवाना।** बडनपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला गांव बडनपुर व मिर्चपुर के बीच खेला गया। जिसमें गांव बडनपुर ने मिर्चपुर को पांच विकेट से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गांव बडनपुर के पूर्व सरपंच डा0 जोगिन्द्र सिंह श्योकंद ने बताया कि गांव में शहीद भगत स्टेडियम में हर वर्ष शहीद रमेश चंद वर्मा की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता दादा खेड़ा कल्ब व ग्राम पंचायत बडनपुर द्वारा आयोजित करवाई जाती है। प्रो0 राजेश श्योकंद इस अवसर पर कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ.साथ खेलों को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए तथा उनका मानसिक व शारीरिक विकास हो सके। खेल से भाईचारे की भावना बढ़ती है। जसवीर श्योकदं ने दोनों टीमों को नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मा0 सुमेत कुमारए विक्रम श्योकंदए नवीन कुमारए अमरजीतए जोगिन्द्रए रोहताशए तिलक राजए राहुलए शिव कुमार जांगड़ा आदि गणमान्य व्यक्ति सहित दोनों टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

**बैठक** | नपा जुलाना व सफीदों की पोलिंग पार्टियों व ईवीएमओं का प्रथम रेंडमाइजेशन

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में जिला के अंतर्गत आने वाली नगर पालिका सफीदों के वार्ड नंबर 14 में उप चुनाव व नगर पालिका जुलाना के चुनाव को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व पोलिंग पार्टियों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। नपा जुलाना के अध्यक्ष, मेंबर व सफीदों नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 के लिए मेंबर के चुनाव दो मार्च को होंगे। जुलाना नपा में कुल 14 वार्ड है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला के जुलाना व सफीदों नगर पालिका के लिए ईवीएम के आवंटन के पहले चरण का रेंडमाइजेशन किया गया है। हिदायतों के अनुसार रेंडमाइजेशन का उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। क्योंकि इस उद्देश्य के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रेंडमाइजेशन किया जा रहा है। रेंडमाइजेशन से पहले डीआईओ सुषमा देशवाल ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। बैठक में प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम, पोलिंग पार्टियों के रेंडमाइजेशन की एक-एक प्रति भी उपलब्ध करवाई । एसडीएम होशियार सिंह, सफीदों के एसडीएम पुलकित , नगराधीश डा. आशीष देशवाल सहित तीनों नगर पालिकाओं के चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। प्रथम रेंडमाइजेशन में मौजूद डीसी। फोटो :हरिभूमि




जींद। नेशनल पेरा एथलीट में गोल्ड मेडल विजेता मन्नू खटकड़।

### नेशनल पेरा एथलीट में जीता मन्नू खटकड़ ने गोल्ड

**जींद।** ओलंपियन मन्नू खटकड़ ने नेशनल पेरा एथलीट में गोल्ड मेडल जीता है। 12वीं नेशनल पेरा एथलीट चैंपियनशिप चेन्नई में 17 से 20 फरवरी तक आयोजित हुई। हरियाणा की तरफ से मन्नू खटकड़ ने हिस्सा लिया। मन्नू खटकड़ इससे पहले यूथ एशिया पेरा गेम्स में दोहरा स्वर्ण पदक और एशिया में कांस्य पदक जीत चुका है। मन्नू के चाचा मा. प्रदीप खटकड़, अशोक ने बताया कि मन्नू शुरू से ही बहुत मेहनती है। मन्नू ने जीत का श्रेय कोच एवं परिवारजनों को दिया।

**खबर संक्षेप**



कोच डॉ. सतनाम सिंह के साथ खिलाड़ी।

## एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**गुहला-चीका।** चीका की खेल नर्सरी में अभ्यास करने वाले पैरा एथलीटों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते हैं। एथलेटिक्स कोच डॉ. सतनाम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुहला की एथलेटिक्स नर्सरी में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पधार्ओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विक्रम ने टी-57 कैटेगरी के जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीता।सुमन ने टी-57 कैटेगरी के डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया। राहुल ने टी-44 कैटेगरी की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।


गुहला चीका। शिविर के छठे दिन पोदा देकर समानित करते।

## भारत संतों, महात्माओं ऋषि, मुनियों की धरती

**गुहला-चीका।** डीएवी कॉलेज, चीका की एनएसएस इकाई द्वारा गांव गुहला में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन आज ज्ञानी गुरप्रीत सिंह ने गुरबाणी और उसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत भूमि संतों, महात्माओं और ऋषि, मुनियों की धरती है। इन सभी संतों महात्माओं ने अपनी दिव्य वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़ियों, आडंबरों और अत्याचारों का विरोध करते हुए समाज को सही दिशा दान दिखाने का प्रयास किया है।

### पुलिस विशेष अभियान चलाकर लोगों को कर रही जागरूक

# साइबर ठगों का पैंतरा, जानकार बनकर फर्जी नंबर से उधार पैसे की कर रहे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र तथा स्कूल, कॉलेज इत्यादि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है और लोगों को नयी तकनीक के बारे जागरूक किया जा रहा है कि किस प्रकार से साइबर क्रिमिनल नये -2 तरीके अपनाकर लोगो को बेवकूफ बनाकर धोखाधड़ी करते है। एसपी राजेश कालिया ने बताया की आजकल साइबर ठग किसी परिचित जानकर की फर्जी प्रोफाइल लगाकर फर्जी व्हाट्सएप नंबर से उधार पैसे की मांग करके ठगी को अंजाम दें रहे है।



■ जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का तरीका है

### अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आप ठगी से बच सकते है

▶▶|आपके किसी परिचित का प्रोफाइल फोटो लगाकर अगर आपसे कोई पैसे की डिमांड करता है तो आप तुरंत सतर्क हो जाइए क्योंकि कोई भी व्यक्ति संकट के समय मैसेज भेज कर मदद नहीं मांगेगा

▶▶|व्हाट्सएप के सेटिंग में कई सुरक्षा की प्रणालियां है उन सभी को गौर से पढ़ें और उन्हीं सभी सेटिंग को अपने व्हाट्सएप ऐप में लागू करें।

▶▶|व्हाट्सएप पर अपनी प्रोफाइल फोटो को सुरक्षित करके रखें ताकि उसे कोई चुरा ना सके या फिर जो लोग आपके फोन लिस्ट में हैं वही सिर्फ आपका प्रोफाइल फोटो देख सकें।▶▶|अगर आपका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हुआ है तो आपको तुरंत ही अपना व्हाट्सएप रिसेट करना है। इसके बाद आपको व्हाट्सएप में दोबारा पहले जैसे ही लॉगिन करना पड़ेगा। उसके बाद आपके अकाउंट पर ओटीपी आएगा और अपराधी द्वारा हैक किया हुआ अकाउंट लॉग आउट हो जाएगा। यह आपको जल्द से जल्द करना है। सबसे पहले आपको यह ध्यान रखना है कि वॉट्सऐप बिना आपकी अनुमति कोई भी ओटीपी नहीं भेजता है। अगर ऐसा कोई भी ओटीपी आता है तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए।▶▶|व्हाट्सएप पर जालसाज आपके करीबी बनकर ही आपसे लूट कर सकते हैं। अगर आपसे कोई भी करीबी बनकर मदद मांग रहा है तो सबसे पहले उसे कॉल कीजिए और किसी ओटीपी की जानकारी नहीं दीजिए। इसके अलावा आपको सेफ्टी को बढ़ाने के लिए व्हाट्सएप में टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन विकल्प भी ऑन करना चाहिए। ऐसे में क्या होगा कि हैकर्स या किसी को भी आपके व्हाट्सएप को दूसरी डिवाइस में चलाने से पहले ओटीपी के अलावा एक और कोड की आवश्यकता पड़ेगी। किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साईबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दे। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का सबसे सफल तरीका है।

### साइबर अपराधी इंटरनेट की दुनिया में सक्रिय

साइबर अपराधी इंटरनेट की दुनिया में सक्रिय रहते हैं। वे लगातार नए मौकों की तलाश में रहते हैं। व्हाट्सएप के जरिए कई बार व्हाट्सएप पर आपके परिचित की तस्वीर लगा कर ,साइबर अपराधी आपको मैसेज भेजते हैं और यह बताते हैं कि वह किसी जरूरी मीटिंग में है और कुछ पैसे की जरूरत है। क्योंकि वह मीटिंग में बात नहीं कर पाएंगे। इसलिए उनके अकाउंट में ही में पैसे डाल दें। इस दौरान वे यह भी बताते हैं कि यह नंबर भी उन्हीं का है। चूंकि प्रोफाइल फोटो में आपके परिचित की तस्वीर रहती है तो आप आनन-फानन में पैसे डाल देते हैं।


गुहला चीका। आसनों का अभ्यास करवाते हुए जिला प्रभारी हरिओम शोकल।

## समिति का उद्देश्य लोगों को निरोग रखना: ईश्वर सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

पतंजलि योग समिति चीका द्वारा जिला प्रभारी हरिओम शोकल के नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा मंदिर में हर रोज चल रही सुबह की योग कक्षा का प्रार्थना मंत्र के उच्चारण के साथ कक्षा का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमें नियमित रूप से योग प्राणायाम करना चाहिए। योग प्राणायाम के साथ छोटी-छोटी योग क्रियाएं हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती हैं। पतंजलि वरिष्ठ सह शिक्षक ईश्वर सिंगला ने उपस्थित जनों को योग प्राणायाम के साथ ताड़ासन व वृक्षासन समेत अनेक आसनों का अभ्यास करवाते हुए उनके महत्व पर प्रकाश डाला। योग शिक्षक इंद्रमोहन मित्तल, जय भगवान, कश्मीरी लाल गर्ग ने कहा कि हर दिन में प्राणायाम करने से कई प्रकार की शारीरिक बीमारियों से निजात मिल सकती है। उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों को सेहतमंद रहने के लिए कई जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि पतंजलि योग समिति का उद्देश्य लोगों को निरोग रखना है। उन्होंने कहा कि योग सीखने के इच्छुक लोग मांडली में सुबह 5:30 बजे से लेकर सुबह 7:00 बजे तक पहुंचकर योग करना सीख सकते हैं। पतंजलि मीडिया प्रभारी गुरमीत सीड़ा, सुशील जिंदल, प्रवीण कुमार दीपक कुमार डिंपल कुमार रविंदर कुमार कृष्ण कॉमरेड, पंडित विद्यासागर भी मौजूद रहे।

## कविता पाठ में सीमा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम मृदंग का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्राचार्य राजेश सैनी ने किया। अध्यक्षता की जिम्मेवारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रितु के हाथ रही। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार इस दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन साहित्यिक विधाओं एवं दूसरे दिन मंच के कार्यक्रम हुए।

प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां वक्त की मांग रहती है। इसके मद्देनजर शिक्षा विभाग प्रभावी रूप रेखा अनुसार कार्य में लगा है। इससे छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। प्राचार्य ने विभिन्न विधाओं में भाग लेने वाली छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम में कविता पाठ ,भाषण और पेंटिंग का आयोजन किया गया। कविता पाठ में सीमा प्रथम, पूजा द्वितीय व अंकित तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. कविता रानी, रेनू रानी व डा.प्रदीप ने अहम भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में मंजू प्रथम, मुकेश द्वितीय व दिव्यानी ने तृतीय स्थान पर रही।


कलायत। श्री कपिल मुनि महिला कालेज में कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं।

## रेल यात्री कल्याण समिति का भूख हड़ताल का ऐलान

**कैथल।** रेल यात्री कल्याण समिति कैथल पिछले 20 सालों से रेलवे से सम्बंधित समस्याओं के निवारण को लेकर 23 फरवरी को को एक दिन का धरना पटवार भवन के सामने शहीदी पार्क के पास धरना देगी। समाजसेवी एवं समिति के चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने बताया कि समिति की मांगों में गाडी नंबर 64462 नरवाना-कैथल से दिल्ली वाया करनाल, पानीपत, सोनीपत चलाने हेतु, गाडी नंबर 11841 व 11842 गीता जयंती एक्सप्रैस ट्रेन कैथल-नरवाना तक विस्तार बारे, गाडी नंबर 54039 - 54042 को चलाने हेतु, गाडी नं0 14523-14524 हरिहार एक्सप्रैस को जीन्द तक चलाने हेतु, गाडी नंबर 14717 - 14718 को हिसार से हरिद्वार वाया जीन्द - नरवाना - कैथल - कुरूक्षेत्र चलाने बारे, रेल गाडी नंबर 09737 - 09738 अम्बाला से जोधपुर नियमित तौर पर चलाने बारे, बजट 2014 में पास उकलाना - नरवाना रेल लाईन बनाने बारे, कैथल का प्लेटफार्म लम्बा व ऊंचा बनाने बारे।

## सरपंच प्रतिनिधि गुरमीत सिंह व नरेंद्र कुमार ने किया कंप्यूटर प्रयोगशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय माध्यमिक विद्यालय फ्रांस वाला में गांव के सरपंच प्रतिनिधि गुरमीत सिंह व नरेंद्र कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और ग्राम सचिव सोनू मटौर ने कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा भी दी जाएगी।

सरपंच ने बताया कि आने वाले समय में बच्चों का दाखिला अधिक से अधिक कराया जाएगा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा दिए जाने से विद्यार्थी और आगे बढ़ सकेंगे। इससे पहले नरेंद्र ने विद्यालय के सभी बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया कि किस प्रकार हम अपने विद्यालय को अपने गांव को स्वच्छ रख सकते हैं। मौलिक मुख्य अध्यापक विजय कुमार ने बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य बताया और जल बचाओ बिजली बचाओ इनके बारे में बच्चों को अवगत कराया।


**कैथल।** सरपंच प्रतिनिधि गुरमीत सिंह व नरेंद्र कुमार कंप्यूटर प्रयोगशाला का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि




## युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक दिशा देनी चाहिए

**गुहला-चीका।** डीएवी कॉलेज, चीका की लडको की एनएसएस इकाई द्वारा गांव बलबेहड़ा में आयोजित सात-दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन आज /"स्वच्छ भारत/" और /"नशा मुक्ति/" विषयों पर केंद्रित रहा। इस दिन का उद्देश्य युवाओं को महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा, /"स्वच्छता केवल हमारे आसपास के वातावरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और समाज के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।/" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें। इस अवसर मुख्य वक्ता सब इंस्पेक्टर रामलाल ने युवाओं के साथ नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों और नशा मुक्ति के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, /"नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए एक अभिशाप है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक दिशा देनी चाहिए।

## तीन मार्च से अप्रेंटिस पोर्टल पर विभाग सीटें सृजित कर युवाओं को दें स्किल बढ़ाने का मौका : दीपक

■ एडीसी ने ली जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक, अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने वीरवार को लघु सचिवायल स्थित सभागार में जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक की अध्यक्षता करते संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। तीन मार्च से अप्रेंटिस पोर्टल पर सीटें सृजित कर युवाओं को अप्रैंटिस पर रखने के लिए कार्रवाई की जाए और मार्च के आखिरी तक खाली पदों का भरा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या के हिसाब से नियमानुसार सीटें निर्धारित होती हैं। अप्रेंटिस के दौरान युवाओं को एक निश्चित भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा जिन विभागों ने अभी तक यह प्रक्रिया शुरू नहीं की है, वे आगामी तीन मार्च से पोर्टल पर कार्रवाई शुरू कर सकते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सके। यदि किसी को कोई परेशानी आती है तो कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके समस्या का समाधान करवाएं। उन्होंने वन विभाग, डीब्ल्यूओ, डीआरडीए, एसडीएम कार्यालय गुहला, जिला में स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालयों, सरस्वती हैरिटेज, कोयल कॉम्पलेक्स, कृषि विभाग, काड़ा विभाग, हैफेड, नगर पालिकाएं, मार्किट कमेटी कार्यालय, बीडीपीओज, एलडीएम, परिवहन विभाग, शुगर मिल आदि विभागों से पूर्ण फीडबैक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।


**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक को संबोधित करते।



■ चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश करते कोई भी पाया कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें आमजन: महिपाल

**पूंडरी।** नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल ने निर्देश दिए कि जिन नागरिकों के पास लाइसेंसधारी हथियार हैं, वे तुरंत संबंधित पुलिस थाने या चौकी में जमा करवा दें। महिपाल सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की असमंजस या अशांति की स्थिति से बचने के लिए यह कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना है कि लाइसेंसधारी हथियारों का नियामक तरीके से प्रबंधन, चुनावी माहौल में सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। साथ ही, उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे शांति बनाए रखें और अफवाहों या अशांति फैलाने से बचें। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दी जाए, जिससे तुरंत कार्रवाई की जा सके। महिपाल ने स्पष्ट किया कि चुनावी माहौल में असामाजिक तत्वों को पनपने का कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाने या चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश करता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार, पुलिस ने चुनाव सुरक्षा को लेकर सजग रहते हुए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## भाजपा किसी भी चुनाव को सहजता से नहीं लेती : जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी ममता सैनी और वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार जोरों पर है। इसी कड़ी में हरियाणा पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर ने पूंडरी पहुंचकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने की अपील की। इस दौरान हलका विधायक सतपाल जांबा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर ने कहा कि पूंडरी में भाजपा की जीत से ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों का असर अब धरातल पर दिख रहा है, और भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं लागू कर आमजन को लाभ पहुंचाया है।भाजपा की मजबूती को लेकर उन्होंने इनेलो पार्टी के पुराने कार्यकर्ता सुल्तान सिंह उर्फ संतु को उनके साथियों सहित भाजपा में शामिल करवाया। इससे पार्टी को नया उत्साह और मजबूती मिलेगी, खासकर रोड समुदाय के मतदाताओं की भूमिका इस चुनाव में निर्णायक हो सकती है। हलका विधायक सतपाल जांबा ने विश्वास जताया कि पूंडरी के सभी 16 वार्डों और चेयरपर्सन पद पर भाजपा प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार बिना किसी पर्ची खर्ची के चुनाव लड़ेंगे और केवल सरकार के विकास कार्यों और पार्टी की नीतियों के आधार पर जनता का समर्थन प्राप्त करेंगे। हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना। हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू करना। पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करना। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठित होकर चुनाव प्रचार करने और हर मतदाता तक भाजपा की नीतियां पहुंचाने का आह्वान किया।



**पूंडरी।** पूंडरी में बातचीत करते पशुधन बोर्ड केचेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर।

**मुहिम** पुलिस बाल्टी में भरा गंदा पानी फिकवा कर नशा त्यागने का दे रही संदेश

# बैकेट चैलैंज: नशे के खिलाफ जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा मुक्त मुहिम के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा बकेट चैलेंज शुरू किया गया है। इस मुहिम तहत पुलिस रोजाना लोगो से बाल्टी में भरा गंदा पानी फिकवा कर आमजन को नशा त्यागने का संदेश दे रही है। एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार नशा जागरूकता टीम में शामिल पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम प्रतिदिन विभिन्न गांवों में जाकर आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। बाल्टी में गंदे पानी को फेंकना केवल एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं, बल्कि नशे के विरुद्ध विद्रोह जताने का एक नया तरीका बन चुका है। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा चलाया गया बैकेट चैलेंज अभियान यह केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे कानूनी कार्रवाई और सामुदायिक भागीदारी से भी जोड़ा गया है। पुलिस ने सैंकड़ों मामले दर्ज किए हैं, कई बड़े ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार किया है और नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए नए कदम उठाए हैं। लेकिन असली लड़ाई तब तक नहीं जीती जा सकती जब तक समाज नशे को पूरी तरह अस्वीकार्य नहीं बना देता। हरियाणा सरकार अब सिर्फ छोटे-मोटे नशा बेचने वालों को नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही है। कैथल पुलिस द्वारा वर्ष 2024 दौरान 83 मामलों में 123 नशा तस्कर काबू किए गए है। लेकिन इस लड़ाई को केवल पुलिस के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि इस अभियान में गांवों और स्कूलों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। नशा मुक्ति के लिए यह लड़ाई आसान नहीं है। भले ही गिरफ्तारियां हो रही हैं, ड्रग्स जब्त हो रहे हैं, तस्करों पर शिकंजा कस रहा है- लेकिन असली बदलाव तब आएगा जब लोग नशे को पूरी तरह से ठुकरा देंगे।

अगर हर मां-बाप यह तय कर लें कि उनका बेटा या बेटी नशे से दूर रहेगा, अगर हर गांव यह संकल्प सौदागरों को अपने इलाके में घुसने नहीं देगा, अगर हर स्कूल यह तय कर ले कि उसके छात्रों को ड्रग्स के बारे में सही जानकारी दी जाएगी तब जाकर यह समस्या खत्म हो सकेगी। जब तक समाज नशे के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा नहीं होगा, तब तक यह लड़ाई अधूरी रहेगी। 'बकेट चैलेंज' सिर्फ नशे के खिलाफ एक अभियान नहीं, बल्कि एक नई सोच, एक नया संकल्प और एक नए हरियाणा की कहानी लिखने की शुरूआत है।


बैकेट चैलेंज में आमजन से बाल्टी का गंदा पानी फिकवा कर नशा ना करने का संदेश देती पुलिस टीम।

## निवेशक शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित

**कैथल।**आरकेएसडी कॉलेज के करियर गाइडेंस सेल और वाणिज्य विभाग ने छात्रों के लिए निवेशक शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास और रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम इरए लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. प्रिया जिंदल, इरए ट्रेनर, मुख्य वक्ता थीं। कार्यक्रम ने छात्रों को वित्तीय ज्ञान के साथ-साथ पेशेवर प्रमाणपत्र प्राप्त करने का एक सुव्यवस्थित मार्ग प्रदान किया, जिससे वे वित्तीय क्षेत्र में उज्जवल करियर की ओर अग्रसर हो सकें। डॉ. प्रिया ने छात्रों को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया और ठकरट के साथ पंजीकरण के बाद लेवल 1 परीक्षा आयोजित की। लगभग 60 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 45 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। लेवल 1 पास छात्रों को निःशुल्क लेवल 2 ठकरट श्अ म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर सर्टिफिकेशन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र मिलन समारोह 9 मार्च को

**सफीदों।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी 9 मार्च को द्वितीय पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए संबंध बनाते हुए पुराने संबंधों को फिर से जोडन्ना, यादों को ताजा करना, उन्हें फिर से जीवंत करना व विद्यालय की उन्नति में चार चांद लगाना है। इस विद्यालय के पूर्व छात्र जो अब प्रसिद्ध कंपनियों, अस्पतालों, व्यापार, नौकरशाही, राजनीति व अन्य क्षेत्रों में अच्छी तरह से स्थापित हैं। इन सभी के अनुभवों से विद्यालय को गौरवान्वित करना है।

### शिविर में हुआ स्टार्टअप इंडिया पर सेमिनार

**सफीदों।** नगर के राजकीय पीजी कॉलेज के तत्वावधान में उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्टार्टअप इंडिया पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बतौर मुख्यातिथि प्रोफेसर रविंद्र ने शिरकत की। एनएसएस अधिकारी डा. जयविंद्र शास्त्री एवं महिला एनएसएस अधिकारी रीनू देवी ने मुख्यातिथि का शिविर में पहुंचने पर अभिनंदन किया। अपने संबोधन में प्रोफेसर रविंद्र ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की स्थापना 16 जनवरी 2016 को हुई थी। स्टार्टअप इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। इस योजना का मकसद देश के आर्थिक विकास को गति देना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस योजना के माध्यम से देश के उद्यमियों को किफायती व्यवसाय वित्त व सब्सिडी वाला ऋण राशि मुहैया करवाना है। इसके अलावा इस योजना के द्वारा आईपीआर फास्ट-ट्रैकिंग की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

# श्रवण नक्षत्र, बुधादित्य, त्रिग्रही योग में मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

- 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर कमेटियों ने की बैठक, विशेष सज्जा का होगा प्रबंध
- जयंती देवी मंदिर में होगी चार प्रहर की पूजा, होगा रूद्राभिषेक व महाआरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को श्रद्धा से मनाया जाएगा। इस बार महाशिवरात्रि पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। श्रवण नक्षत्र इस दिन सुबह से लेकर शाम 5:08 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसी दिन बुध, शनि और सूर्य तीनों कुंभ राशि में विराजमान होंगे। ऐसे में बुधादित्य योग, त्रिग्रही योग का निर्माण हो रहा है।

यह दिन खासतौर पर भगवान शिव की पूजा के लिए होता है और इस दिन शिवलिंग की पूजा करने का बहुत महत्व माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-पाठ करने से भक्तों के जीवन में खुशहाली आती है और शिव जी की कृपा मिलती है। यह शुभ अवसर 26 फरवरी को सुबह 11:08 बजे से आरंभ होकर 27 फरवरी को प्रातः 8:54 बजे तक रहेगा। **शहर के प्रमुख मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू :** शहर के मुख्य मंदिरों में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पटियाला चौक स्थित शिव मंदिर, महावीर मंदिर, ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर, शिव मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, रघुनाथ मंदिर, रानी तालाब स्थित भूतेश्वर मंदिर में जलाभिषिक को लेकर विशेष आयोजन किए जाएंगे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। साथ ही

मंदिर में विशेष सजावट की जाएगी। मंदिर में हजारों शिवभक्त चल चढ़ाने के आते हैं। मंदिर पूरा दिन जलाभिषेक के लिए खुला रहेगा। मंदिर में चार पहर की पूजा रहेगी। पूरा दिन यज्ञ व संकीर्तन होंगे। शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया जाएगा। हर प्रहर में बेलपत्र शिवलिंग पर चढ़ाए जाएंगे। फलाहार का प्रसाद प्रभु को भोग लगेगा। शाम को महाआरती की जाएगी।

#### जलाभिषेक के लिए शुभ समय

प्रातःकालीन मुहूर्तः 6:47 बजे से 9:42 बजे तक
मध्यान्ह मुहूर्तः 11:06 बजे से 12:35 बजे तक
संध्याकालीन मुहूर्तः 3:25 बजे से 6:08 बजे तक
रात्रिकालीन मुहूर्तः 8:54 बजे से 12:01 बजे तक

#### गंगाजल, शहद व देशी घी से अभिषेक करने पर होती है मनोकामना पूर्ण : नवीन शास्त्री



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के व्रत को अत्यंत शुभ फलदायी माना गया है। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग का गंगाजल से अभिषेक करना बहुत ही शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही सभी दुखों का भी नाश होता है। शिवरात्रि के दिन शिवलिंग का शहद से अभिषेक करने या इसे चढ़ाने से व्यक्ति को धन लाभ हो सकता है। वहीं यह भी माना जाता है कि शिवरात्रि के विशेष अवसर पर शिवलिंग पर घी अर्पित करने से वंश में वृद्धि हो सकती है। बेलपत्र को शिव जी की पूजा में जरूरी माना गया है। ऐसे में यदि महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाते हैं, तो इससे व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है।

### अमरहेड़ी और जींद के लोगों के लिए खुशखबरी

# जल्द बनेगा अमरहेड़ी बाईपास पर अंडरपास डीपीआर पर काम कर रही राज्य व केंद्र सरकार

**खास बातें**

- भारत और हरियाणा सरकार के समन्वय से रिंग रोड की डीपीआर को फाइनल किया जाएगा
- रिंग रोड के लिए जल्द होगा भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू : डा. मिड्ढा



**जींद।** बातचीत करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव अमरहेड़ी तथा जींद शहर के के लोगों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही अमरहेड़ी के ग्रामीणों को बाईपास पर अंडरपास की सुविधा उपलब्ध होगी। अमरहेड़ी के ग्रामीणों की इस मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने सड़क एवं परिवहन भारत सरकार सचिव वी. उमाशंकर से मेराथन बैठक की। बैठक में अंडरपास के साथ ही रिंग रोड की फाइनल स्वीकृति को लेकर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही भारत और हरियाणा सरकार के समन्वय से रिंग रोड की डीपीआर को फाइनल किया जाएगा और आगामी छह माह में केंद्र सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जाएगा ताकि जल्द से जल्द रिंग रोड की सुविधा जींदवासियों को उपलब्ध हो सके।

पिछले काफी समय से अंडरपास की मांग कर रहे थे ग्रामीण

गांव अमरहेड़ी के ग्रामीण पिछले काफी समय से डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मांग कर रहे थे कि गांव के निकट बाईपास पर अंडरपास बनाया जाए ताकि उन्हें खेतों की तरफ जाने के लिए लंबा रास्ता न काटना पड़े। ग्रामीणों की इस मांग पर डिप्टी स्पीकर लगातार काम कर रहे थे और सड़क एवं परिवहन भारत सरकार सचिव वी. उमाशंकर के साथ बैठक की। बैठक में अमरहेड़ी के ग्रामीणों की समस्या को लेकर अवगत करवाया। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि इस अंडरपास की ग्रामीणों को बेहद जरूरत है। जिस पर सचिव ने अमरहेड़ी बाईपास पर अंडरपास को स्वीकृति दी। जल्द ही अंडरपास को लेकर काम शुरू होगा।

#### दोनों परियोजनाओं पर जल्द शुरू होगा काम

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अमरहेड़ी बाईपास पर अंडरपास और रिंग रोड, दोनों ही परियोजनाएं जींद के लिए अहम हैं। इन दोनों परियोजनाओं पर जल्द से जल्द काम शुरू होगा। अमरहेड़ी बाईपास पर अंडरपास के लिए स्वीकृति मिल गई है वहीं रिंग रोड की फाइनल डीपीआर तैयार करने के लिए जल्द ही भारत और हरियाणा सरकार के बीच समन्वय बैठक आयोजत कर डीपीआर को फाइनल रूप दे दिया जाएगा।

#### डीपीआर फाइनल करने के लिए हुआ मंथन

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने जींद के रिंग रोड को लेकर भी सड़क एवं परिवहन भारत सरकार सचिव वी. उमाशंकर से बातचीत की और जल्द से जल्द रिंग रोड की डीपीआर को फाइनल करने के लिए कहा। सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि जल्द ही रिंग रोड को लेकर भारत और हरियाणा सरकार में समन्वय बैठक होगी और डीपीआर को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। जल्द ही रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य की शुरूआत भी की जाएगी।

## न्यूज डायरी



### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर लगातार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में पांच फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में सबसे ज्यादा दरखास्त फैमिली आईडीए प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों को दूर करवाने से संबंधित और विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने के बारे में मिलती है । एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया की फैमिली आईडी में सुधारीकरण के लिए दो शिकायतें व तहसीलदार से संबंधित तीन शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि उक्त सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम के अनुसार समाधान शिविर से लोगों को विशेष राहत मिल रही है कि उन्हें अपनी समस्याओं के निवारण के लिए अलग.अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे समाधान कर रहे है।

### केंद्र सरकार के मेहमान होंगे सुनील जागलान



**जींद।** हरियाणा के जींद जिले के छोटे से गांव बीबीपुर से सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू करने वाले व अनेक अन्तराष्ट्रीय अभियान के शुरूआतक सुनील जागलान अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद फिर से युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेहमान बनेंगे। सुनील जागलान को प्रधानमंत्री के पसंदीदा कार्यक्रम मन की बात के सौवें एपिसोड में सम्मानित अतिथि बनने का मौका मिला था। इस सबंध में जागलान के पास निमंत्रण पहुंच चुका है। खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 21 से 22 फरवरी तक विशेष कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगे। प्रधानमंत्री के बहुत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशीप के लिए देश भर से 200 व्यक्ति विशेष को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है तथा प्रियजन की तरफ से सुनील जागलान को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र मोदी होंगे तथा अन्य केंद्रीय मंत्री भी शामिल रहेंगे। यह समूचे हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि बीबीपुर से शुरू हुआ अभियान आज न केवल विश्व के 80 से ज्यादा देशों में पहुंच चुका है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वाधिक चार बार मन की बात कर्यक्रम में इसका जिक्र कर चुके हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के ऐतिहासिक सौंवे एपिसोड में सीधे रूप से सुनील जागलान से बात की थी और बताया था कि उनके अभियानों का प्रधानमंत्री पर बहुत असर है ।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित



**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कहा कि समाज का आधार शिक्षक ही है। बच्चों के लिए शिक्षक का होना जरूरी है। क्योंकि शिक्षक बच्चों के जीवन को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षक, बच्चों को ज्ञान, कौशल और सकारात्मक व्यवहार से परिपूर्ण करते हैं। वे बच्चों को समाज के लिए सकारात्मक नागरिक बनने में मदद करते हैं। एक बच्चे के जीवन में एक शिक्षक ज्ञान देने का काम करता है और यही ज्ञान उसके बेहद काम आता है। जो लोग पढ़ लिख नही पाते हैं, वे ज्ञान प्राप्त न करने का दर्द काफी अच्छे से समझ सकते हैं। इसलिए हमारे जीवन में एक शिक्षक बेहद जरूरी है। जो हमें ज्ञान देने का काम करता है।

### डीएमसी ने लिया प्रोजेक्ट्स साइट्स का जायजा

**जींद।** जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक एवं कार्यकारी अभियंता सतीश गर्ग ने वीरवार को नगरपरिषद अधिकारीयों के साथ शहर मे चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया। उन साइट्स का भी निरीक्षण किया, जहां पर प्रोजेक्टस प्रस्तावित है। काबिलेगौर है कि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने नगर परिषद को कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम करने के दिशा निर्देश दिए थे, जिससे शहर का विकास हो और सौंदर्यकरण के साथ लोगों को रोजगार के अवसर भी पैदा हों। वीरवार को जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने नप अधिकारियों के साथ वीरवार को शहर में लाए जा रहे नए प्रोजकट्स की विभिन्न साइट्स का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने रेड लाइट चौक, रजबाहा नंबर सात, पुराना बस स्टैंड के पास बनाए जा रहे सांझा बाजार का निरीक्षण किया। जिसका निर्माण अंतिम चरण में है। सांझा बाजार में बूथ रखे गए हैं। जिन्हें स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा संचालित किया जाएगा। जिससे उन महिलाओं को मार्केट मे अपना सामान बेचने के लिए प्लेटफार्म मिलेगा और अपना जीवन यापन कर सकेगी।

# वीटा मिल्क प्लांट में अमोनिया गैस रिसाव से बचाव पर हुई मॉक ड्रिल

- ड्रिल में एनसीसी और एनएसएस वालेंटियर्स ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** मॉक ड्रिल में भाग लेते हुए कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार वीटा मिल्क प्लांट में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) द्वारा अमोनिया गैस रिसाव की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास में राजकीय कॉलेज जींद के एनसीसी कैडेट्स, 15 हरियाणा बटालियन की टीम और एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के वॉलंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ के जवानों त्रिलोक सिंह और ओपी बिश्नोई ने छात्रों को आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया। एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस वॉलंटियर्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गैस रिसाव की स्थिति में आवश्यक कदम उठाने का अभ्यास किया। कमांड पोस्ट की जिम्मेदारी एसडीएम सत्यवान मान ने संभाली। जबकि राजकीय कॉलेज जींद के प्राचार्य सत्यवान मलिक, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट पंकज, एनसीसी केयरटेकर पुष्पा और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों की तत्परता को परखना और जागरूकता बढ़ाना था। एनडीआरएफ जवानों ने बताया कि ऐसे अभ्यास नागरिकों को सुरक्षित रहने के तरीके सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### महिला की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** कुचराना मार्ग पर छात्तर गांव के खेतों में महिला की हत्या के मामले में उचाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान छात्तर गांव निवासी जोगेंद्र के तौर पर हुई है। वीरवार को पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी कि उसने महिला की हत्या क्यों की और इस हत्याकांड में और भी लोग शामिल है। 19 फरवरी को छात्तर गांव के खेतों में बने कमरे में एक महिला का शव बरामद हुआ था। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे और पास ही खून से सनी हुई कस्सी पड़ी थी। सूचना मिलने पर डीएसपी संजय कुमार, उचाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह दलबल और सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया था। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। महिला की पहचान अलीपुरा निवासी 50 वर्षीय ईश्वंती के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# एडीसी ने किया गांवों के आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने वीरवार को पोषण अभियान के तहत गांव चुहड़माजरा, कौल व फरल में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों को दौरा किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई और सुरक्षा के प्रबंधों के बारे में देखते हुए कहा कि बच्चों के लिए आंगनवाड़ी में सफाई बहुत ही जरूरी है, इसे निरंतर सही रखें। कहीं भी कोई भी कमी या जरूरत लगती है तो उच्च अधिकारी के संज्ञान में मामले को लाया जाए। बच्चों को बैठने, खेलने और सीखने की उचित व्यवस्था रहे।

स्वच्छ पेयजल और शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता और प्रारंभिक शिक्षा आदि के बारे जानकारी ली और राशन की गुणवत्ता को भी जांचा। उन्होंने निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से आंनगबाड़ी केंद्रों को खोले और बच्चों को गुणवतापूर्ण आहार एवं प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करें। आंगनबाड़ी केंद्र में राशन व अन्य सामान का उचित रख रखाव रखें।

# जंबूरी शिविर में अव्वल रहे स्काउट्स राघव और समर

**कैथल।** तमिलनाडु में भारत स्काउट एंड गाइड्स द्वारा डायमंड जुबली के अवसर जंबूरी कैंप 28 जनवरी से 3 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया।



इसमें विभिन्न राज्यों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कैंप में स्काउट्स एंड गाइड्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर हरियाणा राज्य ने प्लस ए का खिताब जीता। इस खिताब को जीतने में कैथल जिले के स्काउट्स एंड गाइड्स की मुख्य भूमिका रही। ओएसडीएवी स्कूल के कक्षा नौवीं के स्काउट्स राघव और समर इस जंबूरी कैंप में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि इन विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर भाग लेकर राष्ट्र स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया था। विद्यार्थियों के विद्यालय पहुंचने पर ओएसडीएवी स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजु तलवाड़ ने उन्हें शाबाशी दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की उपलब्धियाँ हासिल करने का आशीर्वाद दिया।

### सरकार जींद को औद्योगिक हब के तौर पर करे विकसित : दलजीत मलिक

**जींद।** देव हिंदू मंच के राष्ट्रिय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिले को बहुत अच्छा स्ट्रेक्चर दिया है।



अब जरूरत बड़े उद्योग लगाने की है। जिले को विशेष आर्थिक जोन में तबदील करने का समय है। ज्यादा से ज्यादा यहां पर उद्योग लगें। एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जाए। जिसमें युवाओं को रोजगार मिले और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हों। जिले ने भाजपा को चार विधायक दिए हैं। जिसमें मंत्री तथा विधानसभा डिप्टी स्पीकर भी शामिल हैं। हरियाणा के बीच में होने तथा प्रदेश के अस्तित्व में आने के साथ जींद भी जिला बना था। बावजूद इसके पिछडापन दूर नही हुआ। केवल रैलियों के तौर जींद को प्रयोग किया जाता रहा। भाजपा सरकार बनने के साथ विकास कार्य जिले मे तेजी से हुए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**समस्या** कैथल रोड पर दुकानों के सामने जमा पानी दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या बना

आगामी नगरपालिका चुनाव में यह मुद्दा प्रत्याशियों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है

# गुरु ब्रह्मानंद चौक पर जलभराव बना परेशानी, चुनाव में बनेगा अहम मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी के गुरु ब्रह्मानंद चौक के पास कैथल रोड पर दुकानों के सामने जमा पानी दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान न होने से नाराज दुकानदार अब इसे नगरपालिका चुनाव में मुख्य मुद्दा बना रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार वे उसी प्रत्याशी का समर्थन करेंगे, जो जलभराव की इस समस्या को प्राथमिकता से हल करवाने का भरोसा देगा।

दुकानदार प्रवीण कुमार, नरेश, कृष्ण गोलन, अमित कुमार, प्रदीप



**पूंडरी।** दुकानों के सामने जमा गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

सिंह और सुरेश का कहना है कि सड़क किनारे बने नाले का पानी आगे निकलने की बजाय हमेशा उनकी दुकानों के सामने जमा रहता है।

इससे उनकी बिक्री पर भी बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि ग्राहक गंदे पानी के कारण दुकानों तक नहीं पहुंच पाते। लगातार पानी जमा रहने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है, जबकि यह सड़क करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई थी।स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क बनने के दौरान ही नाले की सही ढंग से प्लानिंग नहीं की गई, जिससे जल निकासी की यह समस्या बनी हुई है। कई बार नगरपालिका को शिकायत देने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। दुकानदारों का कहना है कि वे अपनी आवाज चुनावी मंच तक पहुंचाएंगे और इस समस्या को हल करवाने के लिए एकजुट होकर मतदान करेंगे। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलभराव की इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि व्यापारियों और आम जनता को राहत मिल सके। वहीं, आगामी नगरपालिका चुनाव में यह मुद्दा प्रत्याशियों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

#### लगातार पत्राचार किया जा रहा

नाला बनवाना हमारे विभाग की जिम्मेवारी थी। अब नाले की सफाई व देखभाल नगरपालिका और जहां फतेहपुर पंचायत की हद है तो पंचायत की जिम्मेदारी है। सड़क पर जमा पानी को लेकर वे नगरपालिका को लगातार पत्र लिखे रहे हैं।

**- संदीप चहल,** एएसडीओ पीडब्ल्यूडी पूंडरी।